RPSC-RAS may release result by next week

अजमेर।

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती मुख्य परीक्षा-2013 का परिणाम अगले सप्ताह आएगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रशासन इस सप्ताह के अंत तक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम पूरा करेगा।गत 9 से 12 अप्रेल तक प्रदेश के सभी सात संभाग मुख्यालयों पर आयोजित की गई आरएएस मुख्य परीक्षा में 30 हजार 313 में से 24 हजार 274 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी।

प्रत्येक अभ्यर्थी की चार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराई जानी है। आयोग ने परीक्षकों को विभिन्न गोपनीय स्थानों पर बैठाकर 99 हजार 996 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शुरू कराई थी। इस सप्ताह के अंत में जांच का काम पूरा हो जाएगा। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक के आधार पर आरक्षण के अनुसार वरीयता सूची जारी कर परिणाम जारी किया जाएगा।

जुलाई में होंगे साक्षात्कार

आरपीएससी ने आरएएस 2013 मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करने के बाद जुलाई से साक्षात्कार शुरू कराने की तैयारी की है। आयोग प्रशासन जुलाई में कॉलेज व्याख्याता और स्कूल व्याख्याता परीक्षा के बाद साक्षात्कार का आयोजन करेगा।

गत दस वर्षों में सर्वाधिक अभ्यर्थी

आरएएस मुख्य परीक्षा में गत दस वर्षों में सर्वाधिक 24 हजार 274 अभ्यर्थी इस वर्ष हैं। आयोग भी अब तक के सबसे कम समय मात्र दो माह में मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करेगा। आरएएस 2012 की मुख्य परीक्षा में 19 हजार अभ्यर्थी थे, परिणाम करीब आठ महीने में जारी हुआ था।